कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002
दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532-2466769, 0532-2467504 Website: https:\\updeled.gov.in
ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com

विज्ञप्ति

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2023 हेतु ऑन–लाइन आवेदन की अंतिम तिथि वृद्धि के सम्बन्ध में

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं0 390/अरसठ–4–2023–2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, दिनांक 26.05.2023 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में **प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 29.05.2023** द्वारा प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, सी0टी0ई0 वाराणसी तथा निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों, जिन्हें एन0सी0टी0ई0 की मान्यता उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबद्धता प्रदान की गयी है, में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2023** हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे जिसमें पंजीकरण की अंतिम तिथि 27.06.2023 एवं आवेदन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 30.06.2023 निर्धारित थी। गतिमान ऑनलाइन ऑवेदन के अन्तर्गत शासनादेश सं0 522/अरसठ–4–2023–2067/2013 दिनांक 10.07.2023 द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गयी है।

शासनादेश दिनांक 10.07.2023 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 29.05.2023 के क्रम में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2023** में वेबसाइट **https://updeled.gov.in** के द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण पुनः **दिनांक 11.07.2023** से प्रारम्भ किया जा चुका है। ऑनलाइन आवेदन पूर्ण किये जाने हेतु संशोधित समय–सारिणी निम्नवत् है –

1.	**ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि**	**27, जुलाई 2023**
2.	**ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि**	**28, जुलाई, 2023**
3.	**पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि**	**30, जुलाई, 2023**

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे। पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 29.05.2023 में दिये गये शेष दिशानिर्देश एवं शर्ते यथावत् रहेंगी।

11.7.2023
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज

पृ0सं0/ डी0एल0एड0 प्रशि0 2023/ 1949–57 **/2023–24 दिनांकः 11.07.2023**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव, महोदय के संज्ञानार्थ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री राजेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 के ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित समुचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक गवर्मेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ।
7. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।
8. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।

11.7.2023
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, प्रयागराज